प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रयागराज महाकुम्भ क्षेत्र में कल होगी प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत 54 मंत्री होंगे शामिल।
2. केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत दो दिवसीय दौरे पर कल पहुंचेंगे प्रयागराज : मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक पांडालों का करेंगे निरीक्षण।
3. वक्फ़ संशोधन अधिनियम 2024 की संयुक्त संसदीय समिति की आज लखनऊ में हुई बैठक : समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा– संसद के बजट सत्र में पेश होगी रिपोर्ट।

और

4. अयोध्या में राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में शामिल हुए अध्यक्ष नपेन्द्र मिश्र : कहा– मंदिर संबंधी निर्माण कार्य मार्च तक होंगे पूरे।

—————————

प्रयागराज महाकुम्भ क्षेत्र के अरैल के त्रिवेणी संकुल में कल प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत मंत्रिमंडल के सभी 54 मंत्री शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश को कई सौगात

देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। पेश है एक रिपोर्ट....

*महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला किया गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी। बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज महाकुंभ नगर।*

——————

केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत कल दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचेंगे। श्री शेखावत मेला क्षेत्र में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक पंडालों का निरीक्षण करेंगे। केंद्रीय पर्यटन मंत्री श्रीमद्भागवत पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरान्त संस्कार भारतीय पेविलियन और शोभा यात्रा का शुभारंभ करेंगे। 23 जनवरी को श्री शेखावत जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

——————

आस्था और आध्यात्म के महासंगम प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के आने और पवित्र संगम में डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है। श्रद्धालुओं के साथ साथ अनेक गणमान्य व्यक्ति भी त्रिवेणी संगम आ रहे हैं। इसी क्रम में आज जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डूल्लु भी प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। बाइट.......

*लगता है की ये मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है कि मुझे यहाँ आने का मौका मिला। मैं बहुत ही खुशकिस्मत हूँ और अभी मैं आया हूँ अभी यहाँ पर स्नान होगा दर्शन भी होंगे तो मुझे लगता है कि ये एक लाइफ टाइम एक्सपीरियंस हो गया।*

——————————

महाकुंभ में त्रिवेणी मार्ग स्थित सुसज्जित संविधान गैलरी लोगों को आकर्षित कर रही है। इस गैलरी की स्थापना का उद्देश्य लाखों आगंतुकों को संविधान के निर्माण, कार्यान्वयन और अनुच्छेदों के बारे में शिक्षित करना है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से......

*संविधान गैलरी की प्रदर्शनी में ऐतिहासिक विवरण, प्रमुख दस्तावेज और भारतीय संविधान के निर्माताओं के योगदान को बखूबी दर्शाया गया है। संविधान सभा की चर्चाओं को ऑडियो के माध्यम से भी प्रस्तुत किया गया है, जिससे आगंतुकों को संविधान के विकास के बारे में गहरी जानकारी मिलती है। वहीं, डिजिटल गैलरी संविधान की यात्रा को जीवंत बनाती है। जब आगंतुक स्क्रीन को छूते हैं, तो संविधान के पन्ने खुल जाते हैं और संवाददाता ग्रुप से संविधान के प्रारूपण, कार्यान्वयन से संबंधित ऐतिहासिक क्षणों की जानकारी मिलती है। डिजिटल स्क्रीन पर एक टाइमलाइन के जरिए दर्शकों को संविधान के इतिहास से जुड़े साल दर साल प्रमुख जानकारियों*

*को तलाशने की भी सुविधा है। प्रवेश द्वार पर एक टच–स्क्रीन सेल्फी पॉइंट आगंतुकों को भी आकर्षित कर रही है। जहां वह केवल एक टैप से राष्ट्रीय प्रतीक, अशोक स्तंभ के साथ तस्वीरें ले सकते हैं। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

——————

**प्रयागराज महाकुम्भ क्षेत्र में बना सेंट्रल हास्पिटल श्रद्धालुओं को लगातार स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करा रहा है। डॉक्टरों की टीम ने हार्ट अटैक वाले 100 से ज्यादा श्रद्धालुओं की जान बचाई है। इसके साथ ही आईसीयू में 183 मरीजों का इलाज और 580 का माइनर ऑपरेशन किया गया है। यही नहीं, अब तक 1 लाख 70 हजार से ज्यादा ब्लड टेस्ट और 1 लाख से ज्यादा लोगों ने ओपीडी में दिखाया है।**

——————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

————————

**वक्फ़ संशोधन अधिनियम 2024 के लिए आज लखनऊ में संयुक्त संसदीय समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति ने उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड, सुन्नी वक्फ बोर्ड, प्रदेश के अल्पसंख्यक विभाग और विभिन्न पक्षों और धार्मिक नेताओं से विचार विमर्श किया। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बताया कि यह समिति का किसी भी राज्य में आखिरी दौरा है। अब समिति अपनी रिपोर्ट तैयार करके 31 जनवरी से शुरू होने वाले संसद के बजट सत्र में पेश करेगी। बाइट.....**

*इस जॉइंट पार्लियामेंट कमेटी की रिपोर्ट हम इकतीस से जो बजट सेशन शुरू हो रहा है उसमें हम प्रस्तुत करने जा रहे हैं। हमने अपने माननीय सांसदों से इस पर संशोधन मांगा है जो भारत सरकार ने प्रपोज 44 अमेंडमेंट किया है उस पर हमारे जो अंतिम सभी सदस्यों की लिखित क्या राय है उसके लिए फिर हमने कल तक का टाइम दिया है और फिर तेईस तारीख को उन सारे संशोधन को हम सर्कुलेट करेंगे और चौबीस पच्चीस को दिल्ली में बैठक करेंगे।*

**24 और 25 जनवरी को दिल्ली में एक बार फिर समिति अपनी बैठक करेगी। बैठक में सभी मुद्दों पर चर्चा होगी और रिपोर्ट तैयार की जाएगी।**

---

**बुलंदशहर के सिकंदराबाद में आज एक कंपनी में गैस रिसाव होने से दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति बेहोश हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस राहत और बचाव कार्य में लगी हुई है। मुख्यमंत्री**

योगी आदित्यनाथ ने जनपद बुलंदशहर में गैस रिसाव की दुर्घटना पर दुःख जताते हुए राहत कार्यों को तेजी से करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की है। बुलंदशहर की जिलाधिकारी श्रुति ने बताया कि फैक्ट्री में ट्रायल चल रहा था, बायलर में गैस सिलेंडर लगाने के दौरान यह हादसा हुआ।

————————

संभल जिले में बीते नवंबर में सर्वे के दौरान हुई हिंसा की जांच के लिए गठित न्यायिक जांच आयोग की टीम ने आज हिंसा ग्रस्त इलाके का दौरा किया। आयोग ने अधिकारियों और स्थानीय लोगों से बात कर घटनाक्रम की जानकारी ली। जांच आयोग में हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश डी.के. अराड़ा, पूर्व डीजीपी ए.के. जैन और पूर्व अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद शामिल रहे।

राज्य सरकार के निर्देश पर गठित जांच आयोग की टीम ने संभल जाने से पूर्व मुरादाबाद के सर्किट हाउस में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह और पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी के अलावा मुरादाबाद मंडल और जिला स्तरीय अन्य अधिकारियों से बात की। सुनवाई के बाद आयोग जांच रिपोर्ट तैयार करगा।

————————

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण समिति की आज की बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर संबंधी निर्माण कार्य मार्च तक पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि द्वितीय तल क गर्भ गृह में आसानी से उपलब्ध न होने वाली राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर को रामायण को रखा जाएगा। बाइट......

*हम भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल और उसके मंदिर के अन्दर आइकनोग्राफी, अन्य क्लैडिंग सभी मार्च तक पूरा कर लिया जायेगा। इसी अवधि में प्रथम तल पर जो राम दरबार वहाँ आरोप प्रतिष्ठा की जाएगी वो अभी पूर्ण हो जायेगा। इसी प्रकार जो द्वितीय तल है जिसमें गर्भ ग्रह है। वहां पर यह निर्णय वर्तमान में है कि जो भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के रामायण पुस्तिका जो सामान्य रूप से प्रचलित नहीं बल्कि कहीं कहीं पर उपलब्ध है, उसे हम प्राप्त करेंगे और उसे हम द्वितीय तल के गर्भ ग्रह में रखेंगे।*

(समाप्त)